**Birla Cable Limited**
(Formerly Birla Ericsson Optical Limited)
**Regd. Office & Works:**
Udyog Vihar, P.O. Chorhata, Rewa - 486 006 Madhya Pradesh, India
Telephone: +91 7662 400580, Fax: +91 7662 400680
Email: headoffice@birlacable.com; Website: www.birlacable.com
PAN No. AABCB1380L CIN: L31300MP1992PLC007190

BCL/CS/2020-21 12 AUG 2020

BSE Ltd.
Corporate Relationship Department
1st Floor, New Trading Ring,
Rotunda Building
P.J.Towers, Dalal Street,
Fort,
**MUMBAI-400 001**

**Company's Scrip Code: 500060**

The Manager,
Listing Department,
The National Stock Exchange of India Ltd,
Exchange Plaza, C-1, Block G,
Bandra Kurla Complex,
Bandra (E),
**MUMBAI-400 051**

**Company's Scrip Code: BIRLACABLE**

Dear Sir,

**Sub: Newspaper Advertisement – Unaudited Financial Results for the quarter ended 30th June, 2020**

Pursuant to Regulation 47 and Regulation 30 read with Schedule III of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, please find enclosed copies of the Newspaper Advertisements of the Unaudited Financial Results of the Company for the quarter ended 30th June, 2020 published in Newspapers viz. – Financial Express (in English) and Dainik Jagran (in Hindi) on 12th August, 2020.

We request you to kindly take the above on record and oblige.

Thanking you,

Yours faithfully,

for Birla Cable Ltd.

(Somesh Laddha)
Company Secretary

Encl: As above.

MANAGEMENT SYSTEM CERTIFICATION
DNV·GL
ISO 9001 ISO 14001
OHSAS 18001



# शुभ योग में आज मनाई जायेगी जन्माष्टमी

## लॉकडाउन के चलते नहीं होंगे सार्वजनिक आयोजन

जागरण, रीवा

सर्व विदित है कि भगवान श्री कृष्ण का जन्म भाद्र कृष्ण पक्ष की अष्टमी को मथुरा में हुआ था। वर्ष 2020 की जन्माष्टमी को भगवान श्री कृष्ण के जन्म से 5247 वर्ष बीत चुके हैं। अर्थात इस वर्ष हम श्री कृष्ण का 5247 वां जन्म दिवस मनाएंगे। श्री कृष्ण का जन्म वृष राशि, वृष लग्न, कर्क नवांश तथा रोहणी नक्षत्र में अष्टमी तिथि को हुआ था। भगवान श्रीकृष्ण ने जन्म के पश्चात अनुमानतः 125 वर्ष 7 माह तक पृथ्वी पर राज्य किया एवं चैत्र शुक्ल प्रतिपदा दिन शुक्रवार को 3102 ईसा पूर्व में अपने शरीर का त्याग किया। मान्यता है कि इसी दिन द्वापर युग का समापन हुआ तथा कलयुग का प्रवेश हुआ था।

श्रीमद्भागवत पुराण के अनुसार भगवान श्री कृष्ण का अवतार भाद्रपद कृष्ण अष्टमी तिथि दिन बुधवार रोहिणी नक्षत्र एवं वृषभ कालीन चंद्रमा मध्य रात्रि में हुआ था। इस परंपरा का अनुसरण करते हुए सप्तमी युक्ता अर्ध रात्रि कालीन आने वाली अष्टमी को जन्माष्टमी संबंधी कृत्य संपूर्ण करते हैं। जबकि मथुरा वृंदावन सहित उत्तर प्रदेश, बिहार, महाराष्ट्र एवं मध्य प्रदेश आदि प्रदेशों में उदय कालीन अष्टमी के दिन श्री कृष्ण जन्मोत्सव मनाया जाता है। वैष्णव संप्रदाय के लोग उदय कालीन अष्टमी को जो नवमी युक्त हो श्री कृष्ण जन्माष्टमी व्रत हेतु ग्रहण करते हैं।

### दो दिन की जन्माष्टमी क्यों

ज्योतिर्विद राजेश साहनी ने बताया कि कुछ पर्वों से सम्बंधित पंचांग गणनाए संपूर्ण रूप से किसी एक दिन में नहीं मिल पाती है। कुछ शास्त्र कारों ने स्मार्त संप्रदाय वाली जन्माष्टमी अर्थात अर्धरात्रि को व्याप्त होने वाली सप्तमी युक्त अष्टमी को ही मान्यता प्रदान की है। तिथि निर्णय के अनुसार भी जन्माष्टमी में अर्धरात्रि को ही मुख्य निर्णायक तत्व माना गया है। अर्थात रोहिणी नक्षत्र का योग ना होने पर भी अर्धरात्रि व्यापी अष्टमी में ही श्री कृष्ण जन्माष्टमी का व्रत करना चाहिए।

### ऐसे मनाएं जन्माष्टमी

जन्माष्टमी पर्व पर प्रत्येक सनातन धर्मी को प्रातकाल व्रत का संकल्प कर लेना चाहिए। पूरे दिन उपवास रखते हुए सायंकाल से श्री कृष्ण उत्सव की तैयारियां करनी चाहिए। ध्यान रखें व्रत की पारणा कभी भी रात्रि 12.00 बजे के बाद नहीं की जानी चाहिए। जन्माष्टमी पर्व पर घर के मुख्य द्वार पर चंदनवार आदि लगाते हुए पुष्प आदि से पूजा ग्रह को सुसज्जित करना चाहिए। भगवान श्री कृष्ण का स्वरूप राजसिक रहा है। अतः राजसिक भाव से श्री कृष्ण का पूजन अर्चन किया जाना चाहिए। भगवान श्री कृष्ण के स्नान के लिए पंचामृत, नैवेद्य के लिए मक्खन, मिश्री, पंजीरी, तुलसीदल, कदली फल तथा ऋतु फल आदि पहले से ही तैयार करके रखें। श्री कृष्ण के भजन, उनके चरित्रों का पाठ, गीता पाठ, विष्णु सहस्त्रनाम आदि के पठन एवं श्रवण में संपूर्ण दिन व्यतीत करना चाहिए।



### अष्टमी भरनी नक्षत्र में व्रत का संकल्प

इस वर्ष 11 अगस्त 2020 दिन मंगलवार को प्रातः 9.07 के बाद अर्धरात्रि व्यापिनी अष्टमी भरनी नक्षत्र में श्री कृष्ण जन्माष्टमी के व्रत के संकल्प व्रत एवं जप अनुष्ठान किया गया। वैष्णव संप्रदाय से जुड़े हुए लोग उदय कालीन तिथि अष्टमी को ग्रहण करते हुए 12 अगस्त दिन बुधवार को श्री कृष्ण जन्माष्टमी व्रत का संकल्प जप अनुष्ठान आदि करते हुए भगवान श्री कृष्ण का जन्मोत्सव मनाएंगे। इस दिन उदय कालीन अष्टमी प्रातः 11.17 तक रहेगी। अतः वैष्णव संप्रदाय के लोग अर्धरात्रि व्यापिनी नवमी तिथि, कृतिका नक्षत्र तथा वृष राशि के चंद्रमा में श्री कृष्ण जन्माष्टमी का व्रत उत्सव संपन्न करेंगे। इस प्रकार से इस वर्ष 11 एवं 12 अगस्त की मध्य रात्रि को दोनों ही दिन रोहिणी नक्षत्र का अभाव होगा। इस वर्ष भगवान श्री कृष्ण का जन्म नक्षत्र रोहिणी 13 अगस्त को प्रातःकाल 3.52 से प्रारंभ होगा लेकिन तब तक अष्टमी तिथि समाप्त हो चुकी होगी और उदया तिथि के रूप में भी अष्टमी की मान्यता समाप्त हो जाएगी। इस कारण जन्माष्टमी का पर्व बिना रोहिणी नक्षत्र के उदया अष्टमी को आधार बनाकर वैष्णव संप्रदाय द्वारा 12 अगस्त को मनाया जाएगा।



भगवान श्री कृष्ण का जन्म मध्य रात्रि को हुआ था अतः मध्य रात्रि 12.00 बजे से पूर्व स्नान इत्यादि करके श्री कृष्ण जन्मोत्सव का आयोजन करना चाहिए। मध्य रात्रि ठीक 12.00 बजे बाल गोपाल प्रतिमा को खीरे से निकालकर, उनके जन्म के प्रतीक के रूप में शंख ध्वनि एवं अन्य वाद्य यंत्रों से स्वागत करना चाहिए। तदोपरांत प्रतिमा को पंचामृत से स्नान कराना चाहिए तथा यथासंभव पंचोपचार अथवा षोडशोपचार पूजन करना चाहिए। विभिन्न उपचारों के अंतर्गत श्री कृष्ण की बाल प्रतिमा को वस्त्र, यज्ञोपवित, चंदन, इत्र, पुष्प माला, धूप, मक्खन मिश्री एवं पंजीरी का नैवेद्य, ऋतु फल, पान का बीड़ा तथा दक्षिणा समर्पित करना चाहिए। इसके पश्चात भगवान श्रीकृष्ण की कपूर या शुद्ध घी से आरती की जानी चाहिए। तदोपरांत प्रदक्षिणा करते हुए यथासंभव गोपाल सहस्त्रनाम का पाठ करते हुए श्रीकृष्ण जन्मोत्सव मनाया जाना चाहिए।

### मुकाती मंदिर में डेढ़ सौ साल पुरानी परम्परा का होगा निर्वहन



मुकाती मंदिर के पुजारी डॉ दीनानाथ शास्त्री ने कहा कि इस बार कोरोना के कारण कठिनाई हो रहे है। इस परम्परा का निर्वहन करते हुए जन्मोत्सव मनायेंगे लेकिन शासन-प्रशासन के निर्देशों का पालन करते हुए ज्यादा श्रद्धालु इकट्ठे नहीं हो सकेंगे। डेढ़ सौ वर्ष पुरानी मंदिर की परम्परा के अनुसार अन्य पूजन कार्यक्रम होंगे। जो श्रद्धालु आते भी हैं तो वह सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करें।

### यहां भी होंगे शांतिपूर्ण आयोजन

इस बार जन्माष्टमी के मौके पर सार्वजनिक आयोजन नहीं होंगे। शासन ने कोरोना संक्रमण को देखते हुए ऐसे सभी आयोजन पर प्रतिबंध लगा रखा है। लिहाजा जिलेभर के मंदिरों में शांतिपूर्ण पूजन-कार्यक्रम हो सकेंगे। इन कार्यक्रमों में ज्यादा श्रद्धालुओं को शामिल नहीं किया जायेगा। बता दें कि जिले में हमेशा जन्माष्टमी का पर्व धूमधाम से मनाया जाता रहा। एसएएफ कॉलोनी परिसर स्थित ज्ञान मंदिर, लक्ष्मणबाग मंदिर, बैजू धर्मशाला के समीप संकटमोचन मंदिर, जेल परिसर सहित जिले में जगह-जगह जन्माष्टमी का भव्य आयोजन होता रहा, जो इस बार न हो सकेगा।

## अग्रवाल महिला महासभा ने मनाया कृष्णजन्मोत्सव



**रीवा।** मध्यप्रदेश अग्रवाल महिला महासभा रीवा के तत्वाधान में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के शुभ पर्व पर महासभा की प्रदेश अध्यक्ष मीना बंसल के निर्देशानुसार जिला अध्यक्ष गीता अग्रवाल के नेतृत्व में दिनांक 11 अगस्त दिन मंगलवार को थाली सजाओ प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें महासभा की महिलाओं ने थाली में कान्हा की प्रिय वस्तु माखन, मिश्री को भी शामिल किया, साथ मनमोहक बाँसुरी, कान्हा के सजीले परिधान, कुर्ता धोती, मुकुट आदि के साथ साज-सज्जा की गई। इस शुभ अवसर पर श्री बंसल ने कहा कि बचपन से ही श्रीकृष्ण जन्मोत्सव के प्रति उत्साह रहता था। इस दिन पूरा आभा मंडल कान्हा के रंग में रंगा रहता है। लोग अपने अपने घरों में भी मनमोहक झांकियां सजाते हैं। कान्हा के जन्म उत्साह उमंग के साथ मटकी फोड़ के भी मनाया जाता है। श्याम रंग वाले श्रीकृष्ण सबके प्रिय हैं। सभी के जीवन में सुख शांति की मंगल कामना करती हूँ। हम सब सत्मार्ग पर चलें और श्रीकृष्ण के बताए आदर्शों का पालन करें। प्रतियोगिता में मुख्य रूप से मीरा अग्रवाल, रक्षा अग्रवाल, खुशबू पोद्दार, शिप्रा अग्रवाल, निशा अग्रवाल, स्वाति अग्रवाल, राखी अग्रवाल, नीतू अग्रवाल, अनिता अग्रवाल, संध्या अग्रवाल आदि महिलाओं ने भाग लिया। कोरोना महामारी को ध्यान में रखते हुए यह प्रतियोगिता सभी ने अपने अपने घरों में कान्हा की मनमोहक प्रस्तुति दी जिसके लिए जिलाध्यक्ष ने सभी को हार्दिक शुभकामनाएं एवं धन्यवाद दिया। उक्ताशय की जानकारी मीडिया प्रभारी मनोज अग्रवाल ने दी।

## परिवहन ठप, फलों की कीमत में आया उछाल



**रीवा।** भादौं का महीना हिंदू त्योंहारों का महीना है। हर तीसरे दिन कोई न कोई व्रत उपवास करना पड़ता है। लिहाजा इन दिनों फलों की कीमत बढ़ जाती है। इस साल कोरोना के कारण पहले से वाहन कम चल रहे थे ऐन वक्त पर ट्रांसपोर्टरों की हड़ताल के कारण फलों की खेप न आने से दाम दुगुने हो गए हैं। मंगलवार को केला का दाम 60 रुपए दर्जन रहा जो पिछले हफ्ते की कीमत का दो गुना है। सभी फलों के दाम बढ़े हैं। कोरोना के चलते लोग घरों से बाहर निकलना बंद कर रखा है। जिसके चलते फल दुकानदारों के बिक्री पर असर पड़ रहा है। फल दुकानदार राधे श्याम कहते हैं। कोविड 19 के चलते ट्रांसपोर्ट बंद पड़ा है। बाहर से आने वाला फल शहर तक नहीं पहुँच रहा है इसलिए दाम बढ़ गए हैं।

### फलों के रेट पर एक नजर

| | |
|---|---|
| केला - | 60 रु./दर्जन |
| सेव - | 160 रु./किलो |
| अनार - | 100 रु./किलो |
| पपीता - | 50 रु./किलो |
| मौसम्मी- | 8 रु./किलो |
| आम - | 100 रु./किलो |

**यह कहते हैं फल दुकानदार :** फल व्यवसायी **श्याम सुंदर** कहते हैं कि अन्य दिनों की अपेक्षा त्योहार के दिनों में फल के दाम में बढोत्तरी हुई है। ट्रांसपोर्ट बंद पड़ा है। इसी वज़ह से बाहर से आने वाला फल शहरों में नहीं पहुचा है।

---------

फल कारोबारी **सौखीलाल** ने कहा कि त्योहर के सीजन में फल के दाम हमेशा बढ़ जाते हैं। इस बार कोरोना है जिसकी वज़ह से लोग घर से बाहर निकल नही रहें। इसका असर फलों की बिक्री पर पड़ रहा है।

# कलेक्टर की पहल का असर: परिजन मरीज से वीडियो कॉलिंग में लाइव कर सकेंगे बात

## कोविड वार्ड में वीसी सुविधा की हुई शुरूआत


**जागरण, रीवा।** अपने तय समय के अनुसार मंगलवार की शाम छह बजे संभागीय कमिश्नर और कलेक्टर संजय गांधी अस्पताल पहुचे और व्यवस्थाओं के बारे में विस्तृत जानकारी ली। इस दौरान उन्होने अस्पताल के कोविड वार्ड में भर्ती मरीजों की स्थिति और उन्हें उपचार में दी जा रही दवाइयों के बारे में भी बारीकी से जानकारी ली। ज्ञात हो कि संजय गांधी अस्पताल में शव गायब होने की घटना ने अस्पताल व्यवस्था पर कई तरह के सवाल खड़े कर दिये हैं। वहीं कोविड वार्ड में भर्ती मरीजों के बारे में परिजनों को किसी प्रकार की जानकारी नहीं मिल पाती। मरीज की हालत के बारे में जानकारी न मिलने से परिजनो में कई तरह की भ्रांतियों का पनपना स्वाभाविक है। दरअसल, कोविड प्रोटोकाल के तहत मरीज और चिन्हित मेडिकल स्टाफ के अलावा कोविड वार्ड में अन्य किसी का प्रवेश प्रतिबंधित है। इन सब बातो को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर इलैया राजा टी ने कोविड वार्ड में भर्ती मरीज अपने परिजनो से बात कर सकें, इसके लिए वीडियो कांफ्रें सिंग की सुविधा शुरू कराने का निर्देश अस्पताल प्रबंधन को दिया गया है। निर्देश मिलते ही उस पर पहल भी शुरू कर दी गई है। बताया गया है कि यह सुविधा दो तीन दिनों मे शुरू हो जायेगी।

### एक घंटे का दिया समय

दोनो प्रशासनिक अधिकारियों ने संजय गांधी अस्पताल में प्रतिदिन शाम 6 से 7 बजे तक का समय देने का निर्णय लिया है और उस पर अमल करते हुए मंगलवार को कमिश्नर और कलेक्टर खुद अस्पताल पहुचे और एक घंटे का समय अस्पताल में व्यतीत भी किया।

> कलेक्टर के निर्देश का पालन किया जा रहा है, कोविड वार्ड में भर्ती मरीजों से उनके परिजनों की बात कराने के लिए वीडियो कांफ्रेंसिंग सिस्टम लगवाने का कार्य शुरू कर दिया गया है। एक दो दिन मे यह व्यवस्था शुरू हो जायेगी।
>
> **डॉ नरेश बजाज, चीफ मैनेजर कोविड वार्ड, संजय गांधी अस्पताल रीवा**

# व्यवस्था को आइना दिखाने वाले शायर राहत इंदौरी के निधन पर रीवा में शोक



**जागरण, रीवा।** व्यवस्था को आइना दिखाने वाले व देश में अपनी अलग छापा छोड़ने वाले प्रदेश के शायर राहत इंदौरी का मंगलवार को निधन हो गया। कोरोना ने प्रगतिशील व्यंगकार व शायर को दुनिया से जुद कर दिया। शायर राहत इंदौरी के निधन पर रीवा साहित्यकारों, लेखकों व रचना धर्मियों ने गहरा शोक व्यक्त किया है। कहा कि राहत राहत इंदौरी वह कलाकार थे जो अपने अंदाज में झूमकर इस कला को बखूबी अंजाम देते थे। डॉ राहत इंदौरी के शेर हर लफ्ज़ के साथ मोहब्बत की नई शुरुआत करते हैं। यही नहीं वो अपनी ग़ज़लों के ज़रिए हस्तक्षेप भी करते थे व्यवस्था को आइना भी दिखाते थे। कोरोना से जंग के दौरान आज उनका निधन हो गया। उनके कहे यह शेर

*तूफ़ानों से आँख मिलाओ, सैलाबों पर वार करो।*
*मल्लाहों का चक्कर छोड़ो, तैर के दरिया पार करो*
*ऐसी सर्दी है कि सूरज भी दुहाई मांगे*
*जो हो परदेस में वो किससे रज़ाई मांगे*

समाज को आत्म निर्भरता की सीख की व शासन प्रशासन की व्यवस्था पर गहरा प्रहार है। अपने शेर के माध्यम से उन्होंने लोगों को स्वालंबन की ओर आकर्षित होने का संदेश दिया है। राहत इंदोरी का रीवा के गहरा लगाव रहा है। वही कई बार रीवा मेंआयोजित कवि सम्मेलनों में भाग लेकर लोगो को अपने शायरी का कायल बनाया है। कवि जगजीवन लाल तिवारी कक्का ने उनके साथ बिताए पलों का अनुभव साझा करते हुए कहा कि डॉ राहत इंदौरी का जाना हिंदी उर्दू शायरी के एक युग का समाप्त हो जाना है हम लोगों ने जब भी राहत जी को याद किया वह रीवा आते रहे। 2018 में आखरी बार कृष्णा राज कपूर ऑडिटोरियम में पंडित शंभूनाथ शुक्ल स्मृति समारोह के अखिल भारतीय कवि सम्मेलन एवं मुशायरे में शामिल हुए थे। इस कवि सम्मेलन और मुशायरे में कवि राधाकांत पांडे गजेंद्र प्रियांशु गजेंद्र सिंह सोलंकी रुचि चतुर्वेदी और राहत इंदौरी जी शामिल हुए थे। हिंदुस्तान के इस अजीम शायर को मेरी ओर से भावपूर्ण श्रद्धांजलि। बघेली कवि रामनरेश तिवारी निष्ठुर, डॉ चंद्र, शिव शंकर शिवाला, सत्येंद्र सिंह सेंगर व अन्य कवियों ने गहरा शोक व्यक्त किया।

# नई शिक्षा नीति पर वेबीनार

**जागरण, रीवा।** अभाविप रीवा विभाग द्वारा विगत 8 अगस्त को राष्ट्रीय शिक्षा नीति विषय को लेकर वेबीनार आयोजित किया गया जिसमें रीवा तथा सतना जिले के लगभग 100 लोग सम्मिलित रहे। वेबीनार में अवधेश प्रताप सिंह विवि रीवा भौतिकी विभाग के प्राध्यापक डॉ विजय मिश्रा ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति विषय की प्रस्तावना रखी तथा मॉडल स्कूल के प्राध्यापक विमलेश द्विवेदी ने स्कूल शिक्षा में नई शिक्षा नीति द्वारा जो परिवर्तन किया गया उसका स्वागत किया। उन्होने वोकेशनल कोर्स और इन्टर्नशिप के सम्बन्ध में चर्चा की। सूर्यप्रताप शुक्ला प्राध्यापक महात्मागांधी ग्रामोदय विश्वविद्यालय चित्रकूट ने तकनीकी शिक्षा एवं व्यवसायिक शिक्षा पर अपने विचार रखे। कृषि महाविद्यालय रीवा के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ रघुराज किशोर तिवारी ने नई शिक्षा नीति 2020 में उच्च शिक्षा में हुए परिवर्तन तथा उसकी गतिविधि पर विस्तार से चर्चा की। वेबीनार में आभार प्रदर्शन रीवा विभाग के विभाग संगठन मंत्री महेश प्रसाद ने किया।

## अधिवक्ताओं को फिर जमा करना होगा बेरीफिकेशन फॉर्म

**जागरण, रीवा।** जिला अधिवक्ता संघ अध्यक्ष राजेंद्र पांडेय एवं सचिव कमलेश पाण्डे द्वारा सयुक्त रूप से जानकारी दी है। उन्होंने कहा कि बार कौसिल ऑफ़ इंडिया नई दिल्ली के निर्देशन में बार कौसिल ऑफ़ एम पी जबलपुर द्वारा पूर्व में करा चुके बेरीफिकेशन में दी गईं जानकारी को पुनः निर्धारित प्रोफार्मा में जानकारी मांगी गई है। सभी अधिवक्ताओं को कार्यालय से प्रोफार्मा प्राप्त कर साथ ही चाही गई जानकारी भर कर कार्यालय में जमा करना होगा।

## 14 स्थानों से कंटेनमेंट एरिया समाप्त

**जागरण, रीवा।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट इलैयाराजा टी ने रीवा शहर सहित कुल 14 क्षेत्रों से कंटेनमेंट एरिया समाप्त करने के आदेश दिये हैं। जारी अलग-अलग आदेशों के अनुसार रीवा नगर निगम क्षेत्र के वार्ड 31 पुलिस लाइन जितेन्द्र सेन का घर, वार्ड 5 ढेकहा आनंद भवन, वार्ड 10 अनंतपुर वीरेन्द्र सिंह के घर से लक्ष्मणदास वर्मा के घर तकए वार्ड 44 चिरहुला कालोनी में भास्कर पाण्डेय का घर, वार्ड 22 अमहिया में सोनम बेले का घर, वार्ड 25 पुलिस लाइन में सुनील सिंह का मकान तथा वार्ड 24 द्वारिका नगर में रामनरेश के घर से महेश असवानी तक के घर के क्षेत्र को कंटेनमेंट एरिया से मुक्त करने के आदेश दिये गये हैं।

## कलेक्टर ने रीवा नगर निगम के तीन वार्डों में बनाये कंटेनमेंट क्षेत्र

**रीवा।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट इलैयाराजा टी ने रीवा नगर निगम में तीन वार्डों में कोरोना संक्रमित रोगी पाये जाने पर इन क्षेत्रों को कंटेनमेंट क्षेत्र बनाने के आदेश दिये हैं। जारी अलग-अलग आदेशों के अनुसार नगर निगम क्षेत्र के वार्ड 16 में रवीन्द्र नगर रामरथ प्रेस के पास अखण्ड कुमार शुक्ला का घर, वार्ड 3 पुष्पराज नगर में रामकिशन पटेल के घर तथा वार्ड 17 नरेन्द्र नगर अमहिया में अभिषेक सिंह के घर को कंटेनमेंट एरिया घोषित किया गया है।

## ऑनलाइन मदिरा परमिट में नहीं होगा हाथ से परिवर्तन

**रीवा।** आबकारी विभाग द्वारा ऑनलाइन मदिरा परमिट जारी किये जा रहे हैं। आबकारी आयुक्त ने सभी कलेक्टरों को ऑनलाइन जारी मदिरा परमिट की जानकारी में हाथ से परिवर्तन न करने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने आबकारी विभाग के निरीक्षण दस्ते को चेकिंग के दौरान इस बात की जांच करने के निर्देश दिये हैं कि आबकारी परमिट में अंकित जानकारी या विवरण में हाथ से परिवर्तन तो नहीं किया गया है। उन्होंने सभी मदिरा निर्माण इकाईयों तथा मदिरा डिपो के प्रभारी अधिकारियों को किसी भी स्थिति में ऑनलाइन परमिट में हाथ से जानकारी दर्ज न करने के निर्देश दिये हैं।

## नोडल अधिकारी में परिवर्तन

**रीवा।** रीवा शहर में बाढ़ संभावित क्षेत्रों में बाढ़ की स्थिति में राहत तथा बचाव कार्य के लिए कलेक्टर डॉण् इलैयाराजा टी ने नोडल अधिकारी तैनात किये हैं। इनकी तैनाती निर्धारित वार्डों में की गई है। लखौरी बाग में तैनात नोडल अधिकारी में परिवर्तन किया गया है। इस संबंध में जारी आदेश के अनुसार बाढ़ प्रभावित क्षेत्र लखौरी बाग में संयुक्त संचालक नगरीय प्रशासन एसके सिंह को नोडल अधिकारी बनाया गया है। उनका कार्य क्षेत्र लखौरी बाग से एग्रीकल्चर कालेज तक रहेगा। कलेक्टर ने नोडल अधिकारी को बाढ़ की स्थिति में जिला स्तरीय कंट्रोल रूम तथा आपदा प्रबंधन के प्रभारी अधिकारी से सम्पर्क में रहकर राहत तथा बचाव कार्य में समन्वय के निर्देश दिये हैं।

MP BIRLA GROUP

बिरला केबल लिमिटेड

पंजीकृत कार्यालय : उद्योग विहार, पोस्ट-चोरहटा, रीवा - 486006 (म.प्र.)
CIN: L31300MP1992PLC007190
Telephone No: 07662-400580, Fax No: 07662-400680
Email: headoffice@birlacable.com; Website: www.birlacable.com

30 जून, 2020 को समाप्त हुई तिमाही अवधि के अनांकेक्षित वित्तीय परिणामों का सारांश

(लाख रु. में)

| क्रमांक | विवरण | तिमाही अवधि | | | वार्षिक अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 30.06.2020 (अनांकेक्षित) | 31.03.2020 (अंकेक्षित) | 30.06.2019 (अनांकेक्षित) | 31.03.2020 (अंकेक्षित) |
| 1 | परिचालनों से कुल आय | 5717.16 | 5892.54 | 4325.05 | 22307.12 |
| 2 | समयावधि के लिए शुद्ध लाभ / (हानि) (कर, विशिष्ट एवं/अथवा असाधारण मदों से पूर्व) | 180.78 | 21.77 | 76.09 | 30.35 |
| 3 | कर के पूर्व समयावधि के लिए शुद्ध लाभ / (हानि) (विशिष्ट एवं/अथवा असाधारण मदों के पश्चात) | 180.78 | 21.77 | 76.09 | 30.35 |
| 4 | कर के पश्चात समयावधि के लिए शुद्ध लाभ / (हानि) (विशिष्ट एवं/अथवा असाधारण मदों के पश्चात) | 124.79 | 9.07 | 51.43 | 101.61 |
| 5 | समयावधि के लिए विस्तृत आय [ समयावधि के लिए लाभ (कर पश्चात) एवं अन्य विस्तृत आय (कर पश्चात) को समावेशित करते हुए ] | 392.79 | (520.33) | (68.60) | (870.92) |
| 6 | समता अंश पूँजी (प्रति अंश आय मूल्य रु.10/- प्रति) | 3000.00 | 3000.00 | 3000.00 | 3000.00 |
| 7 | आरक्षतियाँ (पुनर्मुल्यांकन आरक्षित को छोड़कर) | | | | 12578.83 |
| 8 | आधारभूत एवं तरलीकृत प्रति अंश आय (रु. 10/- प्रति अंश) (वार्षिककरण रहित) | 0.42 | 0.03 | 0.17 | 0.34 |

टिप्पणी: उपरोक्त विवरण तिमाही अवधि के वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का सारांश है जो कि सेबी के (दायित्वों एवं प्रकटीकरण आवश्यकताओं की सूची) अधिनियम, 2015 के नियम 33 के अंतर्गत स्टॉक एक्सचेंज में फाईल किया गया है। तिमाही वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंजों की वेब साईट www.bseindia.com एवं www.nseindia.com एवं कम्पनी की वेब साईट www.birlacable.com पर भी उपलब्ध है।

कृते बिरला केबल लिमिटेड
(हर्ष वी. लोढ़ा)
चेयरमैन
डीन : 00394094
कोलकाता

दिनांक : 11 अगस्त, 2020